दिनांक : 06.01.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय सभ्यता की आत्मा के जीवंत उदाहरण के रूप में शान से खड़ा है।
- केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने प्रदेश में दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुधारात्मक कार्य के निर्देश दिए।
- भोपाल के छोटे तालाब पर 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट सीनियर, जूनियर पुरुष व महिला ड्रैगन बोट चैंपियनशिप आज से शुरू।
- प्रदेश में सर्दी का दौर जारी। 24 जिलों के स्कूलों में अवकाश घोषित।

प्रधानमंत्री सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गुजरात के सोमनाथ जाएंगे। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में सोमनाथ में पूरे वर्ष चलने वाले कार्यक्रमों की योजना है। सोमनाथ में आठ से 11 जनवरी तक कई आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले श्री मोदी ने कहा है कि पिछली कई सदियों में सोमनाथ मंदिर पर हुए हमलों के बावजूद मंदिर, भारतीय सभ्यता की आत्मा के जीवंत उदाहरण के रूप में शान से खड़ा हुआ है।

अमित शाह सीएसआर कॉन्क्लेव

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज "पोषण सुरक्षा एवं कुपोषण उन्मूलन में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की भूमिका" विषय पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सीएसआर कॉन्क्लेव का उद्घाटन करेंगे। बच्चों में कुपोषण से लड़ने के लिए मिलकर काम करने वाली प्रगतिशील और टिकाऊ रणनीतियों पर इस सम्मेलन में चर्चा की जानी है। इस कार्यक्रम का आयोजन नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड- एनडीडीबी कर रहा है। सम्मेलन के दौरान श्री शाह सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, छत्तीसगढ़ के सीएसआर के अंतर्गत गिफ्टमिल्क कार्यक्रम के तृतीय चरण का शुभारंभ भी करेंगे।

सड़क समीक्षा-गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर सुधारात्मक कार्य के निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, सुदृढ़ीकरण एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को नई गति प्रदान करने के लिये दिल्ली में समीक्षा बैठक में यह निर्देश देते हुये श्री गडकरी ने कहा कि यदि किसी टोल रोड पर सड़क की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो संबंधित टोल संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।
केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये कहा कि सड़क परियोजनाओं में वृक्ष कटाई को न्यूनतम रखते हुए ट्री ट्रांसप्लांट को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर्स से सीधे संवाद कर कहा कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप ही किए जाएं।
सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुये श्री गडकरी ने कहा कि सिंहस्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए सुदृढ़, सुरक्षित और सुगम सड़क कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है।
बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस समीक्षा के माध्यम से लंबित एवं प्रगतिरत परियोजनाओं से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों-जैसे भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियां, निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता-पर समन्वित निर्णय लिए गए हैं, जिससे कार्यों को शीघ्रता से धरातल पर उतारा जा सकेगा।
प्रदेश में सड़क अवसंरचना को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित एवं व्यापक बनाते हुए विकास की गति को निरंतर बनाए रखने के लिये भविष्य की राष्ट्रीय राजमार्ग विकास योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

सीएम- TIE ग्लोबल समिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की उद्योग हितैषी नीतियों, निवेश अनुकूल वातावरण और संभावनाओं की विस्तृत जानकारी साझा करने के लिए प्रमुख उद्योगपतियों व निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की है। राजस्थान के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट ज्प्म् ग्लोबल समिट 2026 में 'मध्य प्रदेश राज्य सत्र' में भाग लेते हुए डॉ. यादव ने यह वन टू वन चर्चा की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश और राजस्थान सदियों से अपनी समृद्ध साझा विरासत, संस्कृति और परंपराओं को संजोए हुए हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जयपुर में मीडिया से चर्चा करते करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आईटी सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश भी सभी सेक्टर में विकास कार्यों को गति देते हुए भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा हैं।

कैबिनेट बैठक-प्रदेश

कैबिनेट की बैठक को पहली बार डिजिटली करने का निर्णय लिया गया है। मुख्य सचिव सचिवालय द्वारा इस संबंध में नवाचार करते हुए मप्र कैबिनेट की बैठक आज आयोजित की जाएगी। इसमें मंत्री यदि चाहें तो वर्चुअली जुड़ सकते हैं। गोपनीयता के लिए वे भारत नेट का उपयोग करते हुए कैबिनेट में शामिल होंगे। इसका एक्सेस सभी मंत्रियों के पास रहेगा। बैठक में दो दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दिए जाने के आसार हैं।

ड्रैगन बोट चैंपियनशिप

भोपाल के छोटे तालाब पर 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट सीनियर, जूनियर पुरुष व महिला ड्रैगन बोट चैंपियनशिप आज प्रारंभ होने जा रही है। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शाम चार बजे इसका शुभारंभ करेंगे। 9 जनवरी तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में देशभर के एक हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। मेजबान मप्र का भी 60 सदस्यीय दल इसमें भागीदारी कर रहा है। प्रतियोगिता में दो किमी, 500 मीटर और 200 मी. की स्पर्धा होगी। इसमें सीनियर वर्ग में डी 20 व डी 10 के इवेंट होंगे, वहीं जूनियर वर्ग में सिर्फ डी 10 के इवेंट होंगे। इस चार दिवसीय मुकाबले में रंग बिरंगी ड्रैगन बोट दर्शकों को रोमांचित करेंगे। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में देशभर से 40 से अधिक तकनीकी अधिकारी भी अपनी सेवाएं दे रहे है।

क्रिकेट-अंडर-19

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे अंडर-19 एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया है। बेनोनी में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 246 रन का लक्ष्य दिया था। खराब मौसम के कारण मुकाबले को 27 ओवर का कर दिया गया। डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर भारत को कुल एक सौ 74 रन का लक्ष्य दिया गया। तीन मैचों की श्रृंखला में भारत एक-शून्य से आगे है।

मौसम

प्रदेश इस समय कड़ाके की ठंड, शीतलहर और घने कोहरे की चपेट में है। तेज सर्दी और कोहरे को देखते हुए प्रदेश के 24 जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। शहडोल के कल्याणपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.8 दर्ज किया गया। घने कोहरे के कारण दिल्ली से आने वाली ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं रबी की फसल में पाला लगने के डर से किसान चिंतित हैं। कृषि विभाग ने पाला से बचाव के लिए किसानों के लिए सलाह जारी की है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, दतिया, भिंड, सीधी, रीवा सहित 11 जिलों में घना कोहरा रहने और राजगढ़, शाजापुर और शहडोल में शीत दिन रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश में इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा में कल सांसद कप खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर समन्वय बैठक का आयोजन सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी की अध्यक्षता में किया जाएगा।
- इंदौर में कल आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में कुल 12 कंपनियों द्वारा विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 167 आवेदकों का नौकरी के लिए प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया।
- रायसेन वन मंडल में प्रत्येक चार साल में होने वाली बाघ गणना कल से शुरू हो गई है। दूसरे चरण की यह गणना 140 से अधिक चयनित स्थानों पर 11 जनवरी तक चलेगी।
- झाबुआ जिले में नीति आयोग के केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी संदीप कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- डिंडौरी ज़िले की बालिकाओं देवंती पुषाम और अभिलाषा परस्ते ने जालंधर, पंजाब में आयोजित 29वीं जूनियर सेपकटाकरा नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया है।
- कटनी जिले को रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने के मामले में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- बैतूल जिले के मुलताई में संस्कृति विभाग के द्वारा 14 से 16 जनवरी तक तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के सभी कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 6ः30 बजे से प्रारंभ होंगे।

- नीमच जिले में प्रशासन गांव की और अभियान के तहत जिले में 22 दिसंबर से 6 जनवरी तक ग्राम पंचायत कलस्टर मुख्यालयों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाकर, हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है।

-------